राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम में शामिल होगा नैतिक शिक्षा संबंधी विषय

चर्चा में क्यों?

8 जनवरी, 2023 को उत्तराखंड के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने देहरादून के सभागार में श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध अशासकीय व निजी शिक्षण संस्थानों के साथ हुई बैठक में बताया कि उच्च शिक्षा में गुणवत्ता व छात्र-छात्राओं में नैतिक मूल्यों के विकास के लिये राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम में नैतिक शिक्षा संबंधी विषय शामिल किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि प्रदेश की उच्च शिक्षा व्यवस्था में एकरूपता लाने के लिये सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में एक प्रवेश, एक परीक्षा, एक परिणाम और एक चुनाव कार्य योजना को लागू किया जाएगा।
- राज्य के सभी संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की डिजिटल हेल्थ आईडी अनिवार्य रूप से बनाई जाएगी। इससे छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य से संबंधित सभी जानकारियाँ ऑनलाइन सुरक्षित रह सकेंगी और ज़रूरत पड़ने पर उपयोग कर सकेंगे।
- इसके अलावा सभी छात्र-छात्राओं के आयुष्मान कार्ड भी बनाए जाएंगे, जिसके लिये राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण विभाग के साथ क्यूआर कोड साझा करेगा।
- डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं को स्वैच्छिक रक्तदान के लिये ई-रक्तकोश, आरोग्य सेतु एप, विभागीय पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा, जिससे ज़रूरत पड़ने पर रक्तदान के लिये बुलाया जा सके।
- बैठक में श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महावीर सिंह रावत ने बताया कि राज्य के संस्थानों में नशा मुक्त अभियान, तंबाकू मुक्त अभियान संचालित किया जाएगा। सभी निजी शिक्षण संस्थानों से नेक मूल्यांकन के लिये अनिवार्य रूप से आवेदन करने को कहा। इसके लिये विश्वविद्यालय के माध्यम से नेक मूल्यांकन कार्यशाला का आयोजन फरवरी में कराया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/subject-related-to-moral-education-will-be-included-in-the-university-curriculum-under-the-national-education-policy